नेमिनाथ जी के सामने 64 चंवर अर्पित

- जयकारों से गूंजा झिरनो जैन मंदिर
- जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया

निज संवाददाता

भोपाल,18 अगस्त. भगवान नेमिनाथ के सामने 64 चंवर अर्पित होते ही झिरनो जैन मंदिर जयकारों से गूंज उठा. सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही. श्रावण शुक्ल पंचमी/षष्ठी के अवसर पर जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया. अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के त्याग, तप और वैराग्य को याद किया.

जैन परंपरा के अनुसार भगवान नेमिनाथ वर्तमान चौबीसी के 22वें तीर्थंकर थे. उनके पिता समुद्रविजय और माता शिवादेवी थीं.जैन समाज में भगवान नेमिनाथ के जन्म और तप कल्याणक का विशेष धार्मिक महत्व है. महोत्सव की शुरुआत भगवान के अभिषेक और शांतिधारा से हुई. इसके बाद नित्यनियम पूजन और भगवान नेमिनाथ का विधान कराया गया.बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजन में हिस्सा लिया. प्रतिष्ठाचार्य पंडित प्रवर राजेश जैन राज, भोपाल के निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ.महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 64 चंवर अर्पण रहा. चंवर अर्पित किए जाने के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान नेमिनाथ के जयकारे लगाए. मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल नजर आया.

धन से अधिक ज्ञान का सम्मान होना चाहिए : आचार्यश्री



एमपी नगर में स्थित विद्योदय तीर्थ में चल रहे आध्यात्मिक स्वाध्याय के दौरान मंगलवार को आचार्यश्री समय सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि जीवन में धन-संपत्ति से ज्यादा ज्ञान का महत्व समझना चाहिए. धन जरूरतें पूरी करने का साधन है, जबकि ज्ञान व्यक्ति को सही दिशा दिखाकर आत्मकल्याण की ओर ले जाता है. उन्होंने श्रमण जीवन में परिग्रह त्याग को संयम और साधना का आधार बताया.प्रवचन के दौरान कहा गया कि सच्चा श्रमण किसी भी तरह का परिग्रह नहीं रखता और उसका जीवन त्याग, संयम व आत्मसाधना पर आधारित होता है. उन्होंने आशाओं को सीमित करने और जरूरत के अनुसार ही कमाने की बात कही. साथ ही अर्जित धन में से दान और परोपकार के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन सम्यक आस्था जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन उसका लाभ तभी मिलता है जब व्यक्ति में स्वयं आगे बढ़ने की योग्यता और पुरुषार्थ हो.ह्लआनंद सागर जी महाराज सहित 25 साधुजनों के दीक्षा दिवस का भी जिक्र किया गया. इस अवसर पर दो उपवास की साधना की जानकारी भी दी.प्रवचन में जीवदया पर बल देते हुए कहा गया कि अपने प्राणों के साथ दूसरे जीवों की रक्षा करना भी जिम्मेदारी है. कार्यक्रम के साथ ही 'अपना चौका लगाओ' का संदेश देते हुए आचरण सुधारने की प्रेरणा दी गई.

फेक न्यूज के दौर में नेक न्यूज को जगह दें : सीएम

निज संवाददाता

भोपाल, 18 अगस्त. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के परिसर में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के बीच पत्रकारिता, कला और करियर की चर्चा हुई. 'अभ्युदय-2026' के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि फेक न्यूज के दौर में वे नेक न्यूज वाले मीडिया कर्मी बनें. उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए और देशहित को सबसे ऊपर रखना चाहिए.

तीन दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध कलाकार पीयूष मिश्रा भी शामिल हुए. कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लव-कुश और देवर्षि नारद के उदाहरण देकर संचार की भूमिका समझाई. उन्होंने वीर सावरकर और कवि प्रदीप के योगदान का भी जिक्र किया.पीयूष मिश्रा ने विद्यार्थियों से खूब काम करने, किताबें पढ़ने और अपने क्षेत्र में बेहतर करने की बात कही. उन्होंने कहा कि युवाओं को भगत सिंह के साथ स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों को भी याद रखना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों के आग्रह पर गीत भी सुनाए.

पूर्व विद्यार्थियों श्यामलाल यादव, पदम प्रसाद भंडारी, डॉ. विश्वेश ठाकरे, संदीप रघुवंशी, शिल्पा अग्रवाल और विकास सिंह ने करियर के अनुभव साझा किए. धर्मेंद्र भदौरिया, हृदय गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, डॉ. अंकिता मिश्रा, निशा थरानी, अजय उपाध्याय, अचिन्द्र भटनागर, सिद्धार्थ मुखर्जी, आदित्य श्रीवास्तव और पराक्रम शेखावत ने भी विद्यार्थियों को सुझाव दिए. इस दौरान 'दो सदी साक्षी है','मैं क्लासरूम' और 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन हुआ. परिधि पुजारा, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता को स्वर्ण पदक दिए गए.

युवाओं को दी संस्कारों की सीख

- जिन देशना यूथ कन्वेंशन का समापन

भोपाल, 18 अगस्त. ज्ञानोदय तीर्थ धाम में आयोजित जिन देशना यूथ कन्वेंशन का समापन हुआ. श्री कुंदकुंद कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुंबई और श्री कुंदकुद प्रवचन प्रसारण संस्थान, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में युवाओं को धर्म के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया. समिति के देवेंद्र बड़कुल और प्रणव चौधरी ने बताया कि सम्मेलन में देश के जाने-माने विद्वानों ने युवाओं को बेहतर जीवनशैली, उच्च आचरण और अध्यात्म के साथ जीवन जीने के तरीके बताए. विद्वानों ने जीवन को सफल, सुखद और आनंदमय बनाने युवाओं का मार्गदर्शन किया.

बीएचईएल में नशामुक्ति अभियान तेज

बीएचईएल संवाददाता

भोपाल, 18 अगस्त . बीएचईल में नशा मुक्त भारत अभियान के छठवें वर्ष के अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता बढ़ाने और स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम किए गए.

बीएचईएल कॉरपोरेट कार्यालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निर्देशानुसार नशाविरोधी राष्ट्रीय शपथ दिलाई गई. बीएचईएल भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने महाप्रबंधकों एवं विभागीय उत्तरदायी अधिकारियों के साथ शपथ ली.विभिन्न विभागों, शॉप फ्लोर, ब्लॉक, एनेक्सी और कार्यालयों में भी सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए. टीएडी कार्यालय और सीआईएसएफ इकाई के सदस्यों ने भी अभियान में भागीदारी की. बीएचईएल टाउनशिप के जवाहरलाल नेहरू स्कूल, हबीबगंज, विक्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपलानी और कस्तूरबा नर्सिंग कॉलेज ने भी अभियान में सहभागिता की. तीन प्रमुख फैक्ट्री गेटों पर जागरूकता संबंधी बैनर लगाए गए हैं. वहीं, वीआईपी रोड चौराहे के डिजिटल बोर्ड पर भी नशामुक्ति के संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं.

नवागत छात्रों का दीक्षारंभ शुरू

आरजीपीवी में कुलगुरु ने जिम्मेदार नागरिक बनने की दी सीख

भोपाल, 18 अगस्त. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीटेक प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू हुआ.

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. आलोक शर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश लववंशी, प्रो. संजीव शर्मा और निदेशक डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया. कुलगुरु प्रो. आलोक शर्मा ने कहा कि स्कूल से विवि तक की यात्रा विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलती है.उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया.

दिव्य नर्मदा अलंकरण समारोह 20 को

भोपाल. विश्ववाणी हिंदी संस्थान अभियान, जबलपुर की भोपाल इकाई की ओर से 20 अगस्त को दुष्यंत संग्रहालय में अखिल भारतीय दिव्य नर्मदा अलंकरण समारोह 2025-26 आयोजित किया जाएगा. समारोह से पहले 'हिन्दी में उच्च तकनीकी शिक्षा : समस्याएं, समाधान एवं संभावनाएं' विषय पर संगोष्ठी होगी. अध्यक्षता कोल्हापुर के प्रो. डॉ. अर्जुन चव्हाण करेंगे.

बांसुरी से गूंजा 'सारे जहां से अच्छा'

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में रोनू मजूमदार का बांसुरी वादन

निज संवाददाता

भोपाल,18 अगस्त. जैसे ही बांसुरी से 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' की धुन निकली, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का सभागार तालियों से गूंज उठा.सामने बैठे विद्यार्थी, शोधार्थी और संगीत प्रेमी सुरों में ऐसे डूबे कि प्रस्तुति खत्म होने के बाद भी तालियां थमने का नाम नहीं ले रही थीं.पद्मश्री पंडित रोनू मजूमदार की बांसुरी ने मंगलवार शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत और देशभक्ति के रंग को एक साथ मंच पर उतार दिया.

मजूमदार ने 'सा रे गा मा प ध नि सा' से प्रस्तुति की शुरुआत की. वृंदावन सारंग, तीन ताल, तिहाई, अंतरा और झाला की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को बांधे रखा. शास्त्रीय संगीत के बाद उन्होंने संत मीरा का भजन 'पायोजी मैंने राम रतन धन पायो' और लोकधुन 'पधारो म्हारे देश' बांसुरी पर सुनाई. अंतिम प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया.

संगीत से धैर्य आता है : मजूमदार

नवभारत से बातचीत में पद्मश्री पं. रोनू मजूमदार ने कहा - युवाओं के लिए शास्त्रीय संगीत सीखना जरूरी है, क्योंकि इससे अनुशासन और धैर्य आता है. सोशल मीडिया के जरिए पारंपरिक संगीत को नई पीढ़ी तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि एआई अवसर भी है और चुनौती भी, इसलिए कलाकारों को तकनीक का सही इस्तेमाल सीखना चाहिए.

BHABHA UNIVERSITY, BHOPAL
"Established under M.P. Govt. Act No-17 of 2007 & Approved By UGC
FACULTY REQUIREMENT
Professor / Associate Professor / Assistant Professor
(LAW :- LLB / BA LLB / LLM COURSES)
Interested Ph.D. & NET Qualified Candidates may send their CV with relevant documents at E-Mail ID: hr@bhabhauniversity.edu.in within 10 days of this Advertisement Publication.The shortlisted candidates will be called for interview. As Per MPPURC Selection Procedure
Qualification, Experience & Salary as per UGC & BCI Norms
NH-12, Narmadapuram Road, Jatkhedi, Bhopal (M.P.) - 462047
98266 15032, 9039921140 | Website: www.bhabhauniversity.edu.in

नाम परिवर्तन

पूर्व मे मेरा नाम SHOEB KHAN था, जो कि अब बदलकर MOHAMMAD SHOAIB KHAN हो गया है। अतः मुझे नये नाम MOHAMMAD SHOAIB KHAN से जाना पहचाना जाए।
Add :- Said Colony Housing Board Karond Bhopal (M.P.)

नव नियुक्त संविदा शिक्षकों की बैठक आज:

नव नियुक्त संविदा शिक्षकों की बैठक बुधवार को होगी. गांधी भवन में अटल संविदा सह अध्यापक कल्याण संघ की तरफ से इसका आयोजन किया जा रहा है. बैठक में औपचारिकेत्तर शिक्षा योजना के तहत नियुक्त हुए शिक्षक शामिल होंगे. बैठक के बाद डीएलएड कराने और वेतन बृद्धि की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा. संघ संरक्षक डॉ. रमेश द्विवेदी, प्रान्ताध्यक्ष रामबिहारी विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे.

BHABHA UNIVERSITY, BHOPAL
"Established under M.P. Govt. Act No-17 of 2007 & Approved By UGC
APPOINTMENT
VICE CHANCELLOR
Interested Candidates may send their CV with relevant documents at E-Mail ID: hr@bhabhauniversity.edu.in within 15 days of this Advertisement Publication.The shortlisted candidates will be called for interview. As Per MPPURC Selection Procedure
Qualification, Experience & Salary as per UGC Norms
NH-12, Narmadapuram Road, Jatkhedi, Bhopal (M.P.) - 462047
98266 15032, 9039921140 | Website: www.bhabhauniversity.edu.in

कब्जा नोटिस

IIFL-HFL ने 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'उक्त एक्ट' कहा गया है) के प्रावधानों और उक्त एक्ट की धारा 13 (12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए - साथ ही 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' (जिसे आगे 'उक्त नियम' कहा गया है) के नियम 3 के तहत - उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता, गारंटर और मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) को बकाया राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया था। इस राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है। इसके बाद, IIFL-HFL ने 30-11-2025 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के जरिए, उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर से बकाया कर्ज (जो IIFL-HFL द्वारा दी गई सुविधाओं से उत्पन्न हुए थे) और उनसे जुड़ी अचल संपत्ति से संबंधित अपने सभी अधिकार, मालिकाना हक, हित और लाभ 'एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड' (Arcil) को सौंप दिए। Arcil ने यह काम 'Arcil' - Trust - 2026 - 015' के ट्रस्टी के तौर पर, सिक्योरिटी रिसीट्स के धारकों के फायदे के लिए किया है। इसलिए, इस असाइनमेंट के कारण, अब IIFL-HFL की जगह Arcil' आ गई है। अब Arcil को उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर के खिलाफ सभी तरह की कानूनी कार्यवाही शुरू करने या जारी रखने का अधिकार होगा। साथ ही, वह उन वित्तीय दस्तावेजों के तहत अपने अधिकारों और लाभों को लागू कर सकेगी - जिसमें गारंटी और सिक्योरिटी इंटरेस्ट को लागू करना भी शामिल है - जिन्हें उधारकर्ता/गारंटर/मॉर्गेजर ने वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए निष्पादित और निर्मित किया था। क्योंकि उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले ने बताई गई रकम नहीं चुकाई है, इसलिए उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि Arcil के अधिकृत अधिकारी के तौर पर, नीचे बताई गई अचल संपत्ति का कब्जा ले लिया गया है। यह कार्रवाई उस कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) और उससे जुड़े नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, "जैसी है, जहाँ है और जो कुछ भी है, उसी हालत में" के आधार पर नीचे दी गई तारीख को की गई है।

उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्रीमती कुसुम, श्री प्रदीप कुमार, एमए विंध्यवासिनी क्लिनिक, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10204620)	पूरा मकान नंबर 162, वार्ड नंबर 17 (नया 23), शीतल सिटी, मंडीदीप, गुहारगंज रायसेन, म.प्र. 462046। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): प्रॉपर्टी का प्रकार: जमीन का एरिया, बिल्ट-अप एरिया। प्रॉपर्टी का एरिया: 480.00, 626.00	रू. 14,82,366.02 (चौदह लाख बयासी हजार तीन सौ छियासठ और दो पैसे मात्र)	05/01/2026	13/08/2026
श्री मोहम्मद बेलाल अंसारी श्रीमती शबाना खातून (प्रोस्पेक्ट नं. IL10189736)	आर10/247, पीएमएवाई बुधानी, माना, सीहोर, मध्य प्रदेश, भारत, 466445 का संपूर्ण भाग। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, विक्रय योग्य क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 322.00, 322.00	रू. 1,24,527.93 (एक लाख चौबीस हजार पाँच सौ सत्ताईस और तेरानवे पैसे मात्र)	05/01/2026	13/08/2026

खास तौर पर उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को यह चेतावनी दी जाती है कि ऊपर बताई गई अचल संपत्ति का कानूनी कब्जा Arcil के पास है। SARFAESI एक्ट, 2002 की धारा 13(13) के तहत, उधार लेने वाले/गारंटर/गिरवी रखने वाले या कोई भी अन्य व्यक्ति, इस नोटिस को मिलने के बाद, Arcil की पहले से लिखित मंजूरी के बिना इस अचल संपत्ति को बेचकर, लीज पर देकर या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर या हस्तांतरित नहीं करेगा। इस अचल संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन ऊपर बताई गई रकम के लिए Arcil के अधिकार (चार्ज) के अधीन होगा, जिसमें उस रकम पर कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भविष्य का ब्याज और उससे जुड़े खर्च, लागत, शुल्क आदि भी शामिल होंगे।
उधार लेने वालों/गारंटर/गिरवी रखने वालों का ध्यान उक्त एक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो ऊपर बताई गई अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: भोपाल — हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 19.08.2026 — एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी की हैसियत से)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड CIN No. -U65999MH2002PLC134884
रजिस्टर्ड ऑफिस: द रूबी, 10वीं मंज़िल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. फोन: +91 2266581300. वेबसाइट: www.arcil.co.in

भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/आर-सीएलआईटी/2026/16 — दिनांक : 19.08.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश क्षेत्र में जोखिम एवं खर्च पर नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति के लिए **Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in)** पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.fci.gov.in & www.gem.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा। **महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

पश्चिम मध्य रेल

जन-सूचना विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामगंजमण्डी से भोपाल नई बड़ी रेल लाईन निर्माण कार्य के अंतर्गत **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन की कमीशनिंग के लिए रेल संरक्षा आयुक्त, मुंबई का निरीक्षण दिनांक 20.08.2026 एवं 21.08.2026 को सुबह 08:00 बजे से शाम को 07:00 बजे तक रखा गया है, जिसके तहत दिनांक 20.08.2026 एवं 21.08.2026 को **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन में ट्रेनों का आवागमन त्वरित गति से होगा।

इस जन-सूचना के माध्यम से **ब्यावरा राजगढ़-सोनकच्छ** सेक्शन के आस-पास के सभी रहवासी जो नवनिर्मित ट्रैक के समीप रहते हैं, उनसे विनम्र अनुरोध है कि सुरक्षात्मक पहलुओं को ध्यान रखकर सतर्क, सजग एवं सावधान रहें जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

उप-मुख्य अभियंता/निर्माण-III/भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

उत्तर मध्य रेलवे

जेम टेंडर नोटिस संख्या:- G GEM/2026/B/7919281 — दिनांक: 14.08.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं: GEM/2026/B/7919281, **कार्य का उसके स्थान सहित नाम:** आउटकम आधारित समग्र सफाई अनुबंध, जिसमें मशीनीकृत सफाई, कूड़ा-कचरा उठाना, कचरा निपटान, कीट और कृंतक नियंत्रण कार्य शामिल हैं, जो रायरु माल गोदाम के रखरखाव के लिए 24 महीने की अवधि के लिए है।

कार्य का अनुमानित लागत (दो वर्ष हेतु): ₹ 29,30,595 | **बयाना राशि :** ₹ 58,612/-

ठेके की अवधि : दो वर्ष | **ई-निविदा :** 04.09.2026 को 16:30 बजे।

वेबसाइट एवं निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: निविदा का पूर्ण विवरण (ई-निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर टेण्डर खुलने की तिथि **04.09.2026** को **16:00** बजे तक उपलब्ध है एवं ई-निविदा सूचना उत्तर मध्य रेलवे की बेवसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। **1883/26 (MG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अतः देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयत कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री योगेंद्र ताम्रकार श्रीमती मीना ताम्रकार (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल11009971)	केडी 26/101, मंजिल संख्या 1, ईडब्ल्यूएस, ईडब्ल्यूएस स्लम, खसरा संख्या 65 रकबा 7.490 ग्राम कनेरा देव तहसील और जिला सागर 462044 का पूरा भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: विक्रय योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 540.00, 376.00	रुपये 189963/- (रु. एक लाख नवासी हजार नौ सौ तिरेसठ मात्र	16/03/2026	13/8/2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल — प्रा. अधिकारी
दिनांक : 19-8-2026 — कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं. : C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2026 — दिनांक :- 14.08.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी : Misc-Static-Service-वाटर वेंडिंग मशीन आवंटन

एसेट्स डिटेल्स : झाँसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी

क्लस्टर/यूनिट्स (स्टेशन)	यूनिट का नाम	PF	लोकेशन
घाटमपुर	GTM-01	01	COP पोल संख्या 01 के पास
पुखरायां	PHN-01	01	1289/COP पोल संख्या 8-10 के पास, CNB छोर की ओर
ओरछा	ORC-01	01	COP पोल संख्या 13 के पास, MBA छोर की ओर
हरपालपुर	HPP-01	01	निर्माणाधीन स्टेशन भवन के सामने
	HPP-02	01	स्टेशन भवन (पैनल रूम) के सामने

केटलोग संख्या : JHS-WVM-अगस्त-

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 01.09.2026 को 11:00 बजे

ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 01.09.2026 को 12:00 बजे

नोट - उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1886/26 (C)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONC

उत्तर मध्य रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे
नवाब यूसुफ रोड, बाल्मीकी चौराहा, प्रयागराज - 211001

वर्ष 2026-27 में सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत (खुली भर्ती)

नोटिफिकेशन (रो.सू. CQ - 02/2026)

नोटिफिकेशन जारी करने की तिथि : 18.08.2026

ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि : 20.08.2026

ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि व समय : 19.09.2026, 23:59 बजे तक

उत्तर मध्य रेलवे में सांस्कृतिक कोटा वर्ष 2026-27 में खुली भर्ती के तहत ग्रेड पे रू. 1900/- (7वें सीपीसी के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-02) में भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से नीचे दर्शाये गये कोटे के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि **19.09.2026** रात्रि **23:59** बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र. सं.	पद	मैट्रिक्स लेवल (7th वें सीपीसी)	पदों की संख्या	पदों का आवंटन
1.	सितार	पे मैट्रिक्स लेवल-2 (ग्रेड पे रू. 1900/-)	01 (एक)	उत्तर मध्य रेलवे पर
2.	तबला	पे मैट्रिक्स लेवल-2 (ग्रेड पे रू. 1900/-)	01 (एक)	उत्तर मध्य रेलवे पर

- उपरोक्त कोटा सभी श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु हैं बशर्ते वे न्यूनतम योग्यता/अर्हता रखते हों।
- रोजगार सूचना, आवेदन पत्रों का प्रारूप एवं अन्य सभी विवरण, यथा शैक्षणिक योग्यता, आयु, भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा शुल्क, आवेदन कैसे करें तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के वेबसाइट **www.rrcpryj.org** पर दिनांक **18.08.2026** से उपलब्ध है।

अध्यक्ष
1893/26 (AS) — **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रित करने वाली सूचना
टेंडर संदर्भ संख्या: RDSDE/NSTI-Ludhiana/79657
टेंडर ID: 2026_DGT_921787_1

PM-SETU के तहत लुधियाना में स्थित नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (NSTI) की क्षमता बढ़ाने और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (NCoE) की स्थापना के लिए लीड इंडस्ट्री पार्टनर (LIP) के चयन हेतु प्रस्ताव का अनुरोध।

स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप का रीजनल डायरेक्टरेट (RDSDE), पंजाब, 'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड ITIs (PM-SETU)' के कंपोनेंट II के तहत लुधियाना में स्थित नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की क्षमता बढ़ाने और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (NCoE) की स्थापना के लिए 'लीड इंडस्ट्री पार्टनर' (LIP) चुनने के मकसद से योग्य संगठनों से https://eprocure.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। RFP डॉक्यूमेंट https://pm-setu.skillindiadigital.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख और समय: 10.09.2026 को सुबह 10:00 बजे तक।

क्षेत्रीय निदेशक
क्षेत्रीय निदेशालय कौशल विकास और उद्यमिता, पंजाब
DGT, MSDE, भारत सरकार

CBC 63101/11/0012/2627